जुआं हस्तिनापुर में खेल रहे

जुआं हस्तिनापुर में खेल रहे
कुंती के पांचों बेटे

पहली चाल चली शकुनि ने ,
वो तो बाग बगीचा हारे
कुंती के पांचों बेटे
जुआं हस्तिनापुर में.....

दूजी चाल चली शकुनि ने
वो तो ताल तलैया हारे
कुंती के पांचों बेटे
जुआं हस्तिनापुर में...

तीजी चाल चली शकुनि ने
वो तो कुआं जगतिया हारे
कुंती के पांचों बेटे
जुआं हस्तिनापुर में...

चौथी चाल चली शकुनि ने
वो तो महल अटारी हारे
कुंती के पांचों बेटे
जुआं हस्तिनापुर में....

पांचवी चाल चली शकुनि ने
वो तो नार द्रोपदी हारे
कुंती के पांचों बेटे
जुआं हस्तिनापुर में...

छठवीं चाल चली कान्हा ने
द्रोपदी का चीर बढ़ाया
कुंती के पांचों बेटे
जुआं हस्तिनापुर में...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32977/title/jua-hastinapur-me-khe-rahe-kunti-ke-pancho-beta

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |